दिनांक-07.01.2025 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- गृहमंत्री अमित शाह आज सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का करेंगे शुभारंभ।
- शहडोल में 16 जनवरी को 7वीं रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का होगा आयोजन।
- प्रयागराज महाकुभ में आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम की तैयारियां पूरी।
- प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान में गिरावट। ग्वालियर, दतिया सहित 16 जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट।

अब समाचार विस्तार सेः-

गृह मंत्री भारतपोल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की ओर से विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। यह पोर्टल इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के सभी अनुरोधों के मामलों में कार्रवाई को सरल बनाएगा। इसमें इंटरपोल की ओर से जारी रेड और अन्य रंगों के कोड वाले नोटिस से संबंधित मामले शामिल हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज का दिन इस मायने में ऐतिहासिक है क्योंकि आज केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की ओर से विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे सभी के लिए सुरक्षित भारत के निर्माण के मोदी सरकार के सपने को साकार करने के लिए भारतीय जांच एजेंसियों की वैश्विक पहुंच बढ़ेगी और उनको नई धार मिलेगी।

राष्ट्रपति-राष्ट्रीय महिला आयोग-समूह

पंचायती राज संस्थाओं की अनुसूचित जनजाति की महिला प्रतिनिधियों के एक समूह ने कल राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जनजातीय कार्य मंत्रालय और लोकसभा सचिवालय के सहयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित 'पंचायत से संसद' पहल के तहत यह समूह दिल्ली में है। राष्ट्रपति ने समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की आधारशिला रही हैं। वे जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास के लिए एक मंच प्रदान करती हैं। इन संस्थाओं ने महिलाओं के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि देश भर में लगभग 14 लाख महिलाएं पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों में निर्वाचित सदस्य के रूप में काम कर रही हैं, जो कुल निर्वाचित प्रतिनिधियों का 46 प्रतिशत है।

बाईट- श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ,राष्ट्रपति

7वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव-शहडोल

7वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन शहडोल में 16 जनवरी को किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल जिले में समृद्ध खनिज संपदा, सांस्कृतिक विरासत और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के चलते औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं है। प्राकृतिक संसाधनों और औद्योगिक अवसरों से परिपूर्ण इस क्षेत्र में अब औद्योगिक निवेश के नए द्वार खुलेंगे। कॉन्क्लेव में निवेशक, उद्यमी और नीति-निर्माता मिलकर क्षेत्र की क्षमताओं और संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। यह आयोजन न केवल शहडोल की औद्योगिक क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा, बल्कि इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेश मानचित्र पर स्थापित करने में भी मदद करेगा। फरवरी-2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट शहडोल की औद्योगिक संभावनाओं को वैश्विक मंच पर ले जाने का एक और बड़ा अवसर होगी। इस समिट में राज्य सरकार का ध्यान शहडोल को ऊर्जा, खनिज और पर्यटन आधारित उद्योगों के लिए एक प्रमुख निवेश स्थल के रूप में प्रस्तुत करने पर केंद्रित होगा।

मतदाता सूची

प्रदेश में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के दौरान मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 70 लाख 92 हजार 367 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं की संख्या में 4 लाख 97 हजार 404 की बढ़ोत्तरी हुई है। कल भोपाल में हुई बैठक में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 अंतर्गत सभी जिलों में मतदाता सूची के

अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी गई। प्रदेश में 29 अक्टूबर 2024 से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। जो 28 नंवबर 2024 तक चला। सूची का प्रदेश के सभी जिलों में अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया गया। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की सूची वेबसाइट और आयोग के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

महाकुंभ सुरक्षा

प्रयागराज में महाकुंभ के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले इस आयोजन के लिए किसी भी आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ जवान तैनात किए गए है। इसमें जल आपदा के अलावा सभी इमरजेंसी से निपटने के लिए यह टीमें प्रशिक्षित की गई है। एनडीआरएम के डीआईजी एम के शर्मा ने बताया कि महाकुंभ में किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए टीम पूरी तरह तैयार हैं।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस

भोपाल में कल राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन हुआ। चार दिवसीय इस आयोजन ने 'स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की समझ' थीम पर विज्ञान और नवाचार को केंद्र में रखते हुए हजारों छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि यह आयोजन बाल वैज्ञानिकों के लिए एक अद्भुत मंच है, जहां उनकी कल्पनाशीलता और नवाचार को नई दिशा मिलती है। यह कार्यक्रम भविष्य के वैज्ञानिकों को तैयार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में 640 छात्रों ने भागीदारी की, जिसमे 194 प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत किये गए। इसमें 10 अंतर्राष्ट्रीय नवाचार मॉडल भी थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 28 राज्यों और 6 देशों के बच्चों ने भाग लिया। 16 सत्रों में विज्ञान के विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें भविष्य में अनुसंधान के लिए प्रेरित किया गया।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर तेज ठंड का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ का असर आज या कल से देखने को मिलेगा। जिससे तापमान में गिरावट आएगी। प्रदेश में कल नर्मदापुरम, ग्वालियर, रीवा संभाग में ठंड का असर रहा। सबसे कम तापमान छतरपुर में 8 दशमलव 5 डिग्री सेल्यियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, मंदसौर, नीमच सहित 16 जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल में कल न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार जनवरी माह में कुछ स्थानों पर बुंदाबांदी के भी आसार हैं।

टीबी मुक्त भारत अभियान

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने कल टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय सदन अभियान के संबंध में संबंधित मंत्रालयों के साथ बैठक की। बैठक में श्री नड्डा ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतत विकास लक्ष्य 2030 की समय-सीमा से काफी पहले, 2025 तक देश से टीबी को समाप्त करने का आह्वान किया है।" उन्होंने बताया कि अभियान के पहले 30 दिनों में 2 करोड़ से अधिक लोगो की जांच की गई है। बैठक में 21 मंत्रालयों के सचिव और अधिकारी मौजूद रहे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्य प्रदेश एवं हरियाणा विधानसभा की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाएं समिति की संयुक्त बैठक कल विधानसभा भवन भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नगरीय विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की।
- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को आज हवाई जहाज द्वारा इंदौर ले जाकर शहर का भ्रमण कराया जायेगा। पिछले दिनों जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में न्यायमूर्ति आनंद पाठक एवं किशोर न्यायालय सचिव की उपस्थिति में दिव्यांग बच्चों ने इस यात्रा की मंशा जाहिर की थी।
- मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने नये वर्ष में विद्युत गृह से निकलने वाली फ्लाई ऐश का 100 वां रेल रैक रवाना कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।
- बालाघाट में धान उपार्जन में कड़ी निगरानी के सम्बंध में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को ही दल बनाकर विस्तृत निगरानी करने के निर्देश दिए है। दलों द्वारा परिवहन पर ज्यादा फोकस कर निगरानी करने को कहा है।

- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने साइकलिस्ट आशा मालवीय को कल जिले के आगमन पर प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राजगढ़ जिले की निवासी आशा मालवीय साईकिल से देश भ्रमण पर निकली हैं।
- मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने कल चम्बल से मुरैना शहर को पानी देने वाली परियोजना के कार्यों का निरीक्षण कर फिल्टर प्लांट में मशीनरी तथा बिजली का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के लिये जिला स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस संबंध में बैठकों का आयोजन जारी है।

-------------